

नवभारत
भोपाल, बुधवार 22 जुलाई, 2026

# आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पिता को लाया खाट पर

**खास बातें**

- जानलेवा हमले में पिता को आये 20 टांके कोमा में गए
- फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बेटे खाट पर पिता को लाया कलेक्टोरेट



नवभारत न्यूज

**विदिशा 21 जुलाई, जिले की नटेरन तहसील के ग्राम डादोन निवासी 75 वर्षीय काशीराम मीणा पर हुए जानलेवा हमले के मामले में मंगलवार को उस समय भावुक दृश्य देखने को मिला, जब उनका बेटा बंटी मीणा गंभीर रूप से घायल पिता को खाट पर लिटाकर कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई में पहुंचा. परिजनों ने प्रशासन से फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और न्याय की मांग की.**

बंटी मीणा ने बताया कि कुछ समय पूर्व गांव में पुराने जमीन विवाद को लेकर चार लोगों ने उनके पिता काशीराम मीणा पर फरसा और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं और करीब 20 टांके लगाने पड़े. गंभीर हालत में पहले उनका उपचार स्थानीय स्तर पर कराया गया, इसके बाद उन्हें भोपाल रेफर किया गया. परिजनों के अनुसार भोपाल में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि काशीराम मीणा कोमा में चले गए हैं. जनसुनवाई में पहुंचे काशीराम मीणा की गंभीर हालत को देखते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी. इसके बाद उन्हें एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उनका परीक्षण कर उपचार शुरू किया. परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले में फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा और उचित सहायता उपलब्ध कराई जाए. घटना के बाद से परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन कर रहा है. जनसुनवाई में खाट पर लेटे बुजुर्ग को देखकर वहां मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई। कई लोगों ने इस दृश्य को प्रशासनिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल बताते हुए पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की.

### डाक्टरों ने कहा 2-4 दिन के मेहमान है घर ले जाकर सेवा करो

बेटे का आरोप है कि डॉक्टरों ने यह कहकर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी कि अब इलाज की संभावना बहुत कम है और उन्हें घर ले जाकर सेवा करें. इस स्थिति के बावजूद परिवार न्याय की उम्मीद में प्रशासन के दरवाजे तक पहुंचा. बंटी ने आरोप लगाया कि उनके पिता पर हमला करने वाले चार आरोपियों में से कुछ की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है. उन्होंने कहा कि जब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे, परिवार को न्याय नहीं मिलेगा. इसी मांग को लेकर वे अपने घायल पिता को खाट पर लिटाकर जनसुनवाई में पहुंचे ताकि प्रशासन उनकी पीड़ा को समझ सके.

# झगड़े में धंधा छूटा,हवालात की हवा भी खानी पड़ी

**नीमताल मारपीट मामले में पुलिस की सख्त कार्रवाई**

**वीडियो वायरल होने पर दोनों पक्षों के आरोपी गिरफ्तार, अतिक्रमण भी हटाया गया**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 21 जुलाई, नीमताल क्षेत्र में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. इस पूरे मामले में सबसे खास बात यह है कि नीमताल की चौपाटी पर यह लोग पिछले कई सालों से अपनी दुकान लगाकर रोजगार से लगे हुए थे.दो पक्षों के बीच हुए विवाद से यहां के सभी दुकानदारों का अतिक्रमण हटाया गया गुमठियों को जब्त भी कर लिया गया. रात भर कोतवाली में हवालात की हवा खानी पड़ी.या यूं कहें कि धंधा भी छूटा मामला भी दर्ज हुआ और हवालात भी पहुंचे साथ ही बेरोजगार भी हो गए.**

साथ ही प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को हटाकर सख्त संदेश दिया. पुलिस के अनुसार 19 जुलाई को हुई घटना के संबंध में दोनों पक्षों की शिकायत पर थाना कोतवाली में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में बनी टीम ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय में पेश किया. कार्रवाई के दौरान प्रशासन एवं नगर पालिका ने नीमताल क्षेत्र में अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को भी हटाया.पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर मारपीट, कानून-व्यवस्था भंग करने या दहशत फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज सहित पुलिस, राजस्व और नगर पालिका के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# दिल्ली में भड़की छात्र आंदोलन की आग, विदिशा में उठी चिंगारी

- शिवानी अहिरवार ने सिर मुंडवाकर गांधी प्रतिमा के सामने शुरू किया धरना
- सूचना मिलते ही टीआई और तहसीलदार मौके पर पहुंचे
- छात्रा को समझाइश देकर ऑटो से घर भेजा




नवभारत न्यूज

**विदिशा,** दिल्ली में छात्र आंदोलन के दौरान हुई लाठीचार्ज की घटना के विरोध की गूंज अब विदिशा में भी सुनाई देने लगी है. मंगलवार को छात्रा शिवानी अहिरवार ने अपना सिर मुंडवाकर गांधी प्रतिमा के सामने धरना शुरू कर दिया. उन्होंने इसे दिल्ली में आंदोलनरत छात्रों के समर्थन और उन पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध का प्रतीक बताया. धरने की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज और तहसीलदार मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने छात्रा शिवानी अहिरवार से चर्चा कर उनकी बात सुनी और शांतिपूर्ण तरीके से समझाइश दी. काफी देर तक समझाने के बाद छात्रा धरना समाप्त करने के लिए राजी हुई. इसके बाद पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में छात्रा को ऑटो में बैठाकर सुरक्षित उसके घर भेज दिया गया. पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखी और स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही. घटना के दौरान गांधी प्रतिमा परिसर में लोगों की भीड़ भी जुटी रही और मामला शहर में चर्चा का विषय बना रहा.

# जिला औषधि विक्रेता संघ चुनाव,अध्यक्ष और सचिव पद पर सीधा मुकाबला

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** जिला औषधि विक्रेता संघ के चुनाव में मंगलवार को नामांकन वापसी की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया. इसके साथ ही अध्यक्ष और सचिव पद के लिए सीधा मुकाबला तय हो गया है.निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र भंडारी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए चंद्रकांत जैन और डॉ. कैलाश जैन के बीच सीधा मुकाबला होगा. वहीं सचिव पद के लिए नवल किशोर शास्त्री और संजय सिकरवार आमने-सामने होंगे.नाम वापसी की प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन अधिकारी कृष्ण गोपाल गर्ग, प्रकाश चंद्र भंडारी एवं घनश्याम बंसल उपस्थित रहे.निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार मतदाताओं की संख्या को देखते हुए मतदान प्रक्रिया को सुचारु एवं सुविधाजनक बनाने के लिए चार मतदान बूथ बनाए जाएंगे, ताकि जिलेभर के सभी केमिस्ट आसानी से अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें.निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र भंडारी ने बताया कि जिला औषधि विक्रेता संघ चुनाव की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और मतदान शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं.

## सावन के प्रथम सोमवार को निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में सावन के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी. समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि यात्रा सुबह 9 बजे बड़वाले घाट स्थित श्री हनुमान मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माधवगंज के शिवालय महादेव (कांच मंदिर) पहुंचेगी, जहां जलाभिषेक के साथ समापन होगा. समिति की बैठक में नीलम हेमंत राजपूत को कांवड़ यात्रा का संयोजक नियुक्त किया गया. बैठक में महिलाओं के लिए वाटरप्रूफ टेंट, जल भरवाने की व्यवस्था तथा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समितियों के गठन सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष की मौजूदगी में हुई कुरवाई कांग्रेस की बैठक

नवभारत न्यूज

**कुरवाई निस. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला प्रभारी राजेश रघुवंशी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की मौजूदगी में कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई. बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद बनाए रखने पर जोर दिया गया.**




जिला प्रभारी राजेश रघुवंशी ने कार्यकारिणी एवं मंडलम पदाधिकारियों से संगठन को लेकर खुली चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने और संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया. बैठक का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मजाज मोहम्मद ने किया, जबकि आभार उमेश तिवारी एवं जफर शेख ने व्यक्त किया.बैठक में जिला संगठन मंत्री गोविंद भार्गव, पूर्व विधायक पानवाई पंथी, मशुल हसन हाशमी, सीमा अहिरवार, रानी अहिरवार, हशरुद्दीन खान, इरफान काजी, अब्दुल सलीम खान, नितिन जैन, साबिर अली, अन्नू काशिफ, लालू पेंटर, सुरेंद्र अहिरवार सहित अनेक कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे. इस अवसर पर विधानसभा स्तरीय नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए.

## गंजबासौदा में निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, भक्ति वेदांत विद्या भवन गुरुकुल एवं इस्कॉन परिवार के तत्वावधान में 22 जुलाई को श्री राधाकृष्णपुरम में शहर के पहले इस्कॉन मंदिर स्थापना महोत्सव का आयोजन होगा. इसी अवसर पर शाम 5 बजे वीर सावरकर चौक से रघुवंशी धर्मशाला तक भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी. सर्वसाक्षी दास ने बताया कि यात्रा में भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालु शामिल होंगे. समाजसेवी राजेश माथुर द्वारा मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान किया गया है. रथयात्रा के बाद विशाल प्रसादी वितरण होगा. आयोजन में देशभर से इस्कॉन परंपरा से जुड़े संत एवं श्रद्धालु शामिल होंगे.

# सशक्त वाहिनी एवं नव्या योजना की 62 बालिकाओं ने किया ग्लोबल स्किल पार्क का शैक्षणिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता कांसवा के मार्गदर्शन में सशक्त वाहिनी कार्यक्रम एवं नव्या योजना के अंतर्गत जिले की 62 बालिकाओं का संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क (जीएसपी), भोपाल का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया. भ्रमण का उद्देश्य बालिकाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण से परिचित कराते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था.

भ्रमण के दौरान बालिकाओं ने ग्लोबल स्किल पार्क में स्थापित अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, स्मार्ट प्रशिक्षण कक्षों एवं विभिन्न रोजगारपरक ट्रेडों का अवलोकन किया. संस्थान के विशेषज्ञों ने उन्हें कौशल आधारित शिक्षा, उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण, उभरती तकनीकों तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी. साथ ही बताया कि कौशल विकास के माध्यम से वे अपने भविष्य को बेहतर बनाते हुए आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकती हैं. संस्थान की ओर से सभी बालिकाओं को डायरी एवं ब्रोशर भी वितरित किए गए.इस अवसर पर आईटीआई विदिशा की प्राचार्य सुश्री कविता रघुवंशी ने तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा सफलता की कुंजी है. उन्होंने बालिकाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर आत्मविश्वास और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.शैक्षणिक भ्रमण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग से संतोष रघुवंशी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. बालिकाओं ने विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विशेषज्ञों से अपने करियर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया.भ्रमण के अंत में बालिकाओं ने इस शैक्षणिक यात्रा को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे भ्रमण उन्हें अपने करियर के प्रति नई सोच, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं. उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस पहल के लिए आभार भी व्यक्त किया.

# अतिक्रमण सर्वे में लापरवाही पर नगर परिषद के तीन कर्मचारी निलंबित

- गलत सूची में करदाताओं के नाम शामिल होने पर सीएमओ ने की कार्रवाई
- जारी किए निलंबन आदेश

नवभारत न्यूज

**सांची.** नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पहले तैयार की गई सर्वे सूची में गंभीर त्रुटियां पाए जाने पर तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है. गलत तरीके से नियमित करदाताओं के नाम अतिक्रमणकारियों की सूची में शामिल होने से लोगों में आक्रोश फैल गया था और नगर परिषद कार्यालय का घेराव किया गया था.जानकारी के अनुसार नवीन अतिक्रमणों का सर्वे कर सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन सर्वे टीम ने लापरवाही बरतते हुए कई नियमित करदाताओं के नाम भी सूची में जोड़ दिए. शिकायतों के बाद मामले की जांच की गई.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामलाल कुशवाहा ने एआरआई रमेश शर्मा, सुशील त्रिवेदी तथा भृत्य धनीराम सेन से स्पष्टीकरण मांगा. जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर तीनों कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया.सीएमओ ने बताया कि परिषद के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कर्मचारियों ने मनमाने ढंग से त्रुटिपूर्ण सर्वे सूची तैयार की, जिससे नगर परिषद की छवि धूमिल हुई. निलंबन अवधि में तीनों कर्मचारी नगर परिषद कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराएंगे तथा नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा.













**आयोजन** | प्रशासनिक सेवाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं और पर्वतारोहण पर खुला संवाद . कार्यशाला में विद्यार्थियों ने पूछे दर्जनों सवाल

# किलिमंजारो फतह करने वाली पुलिस अधिकारी दीपिका गौतम ने विद्यार्थियों में भरा सफलता का जोश

नवभारत न्यूज

**विदिशा. शासकीय आदर्श महाविद्यालय में प्रशासनिक अधिकारी कैसे बनें विषय पर आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला का दूसरा दिन प्रेरणादायक संवादों से भरपूर रहा. कार्यक्रम में अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो फतह करने वाली पुलिस अधिकारी दीपिका गौतम ने विद्यार्थियों से अपने संघर्ष और सफलता की यात्रा साझा की.**



दीपिका गौतम ने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता. अनुशासन, कठोर परिश्रम, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है. उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और असफलताओं से सीख लेने के महत्वपूर्ण सूत्र विद्यार्थियों को बताए. पर्वतारोहण के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि किलिमंजारो अभियान केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता की भी कठिन परीक्षा था.

संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने यूपीएससी, एमपीपीएससी, पुलिस भर्ती, प्रशासनिक सेवाओं, शारीरिक दक्षता परीक्षा, अध्ययन तकनीक, नोट्स निर्माण और करियर से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे. दीपिका गौतम ने सभी सवालों के व्यावहारिक और सरल उत्तर देते हुए विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, एनसीईआरटी पुस्तकों से शुरुआत, करंट अफेयर्स पर पकड़, उत्तर लेखन अभ्यास और मॉक टेस्ट की उपयोगिता बताई. उन्होंने फिजिकल टेस्ट की तैयारी के लिए प्रतिदिन दौड़, व्यायाम, संतुलित आहार और अनुशासित दिनचर्या अपनाने की सलाह दी.कार्यक्रम में पुलिस विभाग की मेघा शर्मा एवं पप्पी मीना ने भी भारतीय एवं राज्य प्रशासनिक सेवाओं में करियर की संभावनाओं, चयन प्रक्रिया, पाठ्यक्रम और तैयारी की रणनीति पर जानकारी दी.महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ब्रह्मदीप अलूने ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके करियर के प्रति जागरूक बनाना और सही मार्गदर्शन देना है. कार्यक्रम की रूपरेखा संयोजक संजय शर्मा ने प्रस्तुत की तथा संचालन डॉ. अनीता शाक्य ने किया. कार्यशाला 20 से 25 जुलाई तक चलेगी. तीसरे दिन जिला अभियोजन अधिकारी विद्यार्थियों को न्यायिक एवं विधिक सेवाओं में करियर संबंधी जानकारी देंगे.